केंद्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ

KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN R.O. LUCKNOW

प्री-बोर्ड परीक्षा (सत्र 2025-26)

PRE-BOARD EXAMINATION (SESSION 2025-26)

कक्षा: 12वीं CLASS: 12TH

विषय: अर्थशास्त्र (030)

SUBJECT: ECONOMICS (030)

समय: 3 घंटे/**TIME: 3 HOURS** अधिकतम अंक: 80 अंक/ **MAX. MARKS:80**

MARKS


<u>सामान्य निर्देश</u>


(I) इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं:
खंड A – समष्टि अर्थशास्त्र (Macro Economics)
खंड B – भारतीय आर्थिक विकास (Indian Economic Development)
(II) इस प्रश्न पत्र में 1 अंक के 20 बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न (Multiple Choice Type Questions) हैं।
(III) इस प्रश्न पत्र में 3 अंक के 4 लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न (Short Answer Type Questions) हैं, जिनका उत्तर 60 से 80 शब्दों में देना है।
(IV) इस प्रश्न पत्र में 4 अंक के 6 लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न (Short Answer Type Questions) हैं, जिनका उत्तर 80 से 100 शब्दों में देना है।
(V) इस प्रश्न पत्र में 6 अंक के 4 दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न (Long Answer Type Questions) हैं, जिनका उत्तर 100 से 150 शब्दों में देना है।



<u>GENERAL INSTRUCTIONS:</u>

(I)This question paper contains two sections:
Section A – Macro Economics
Section B – Indian Economic Development
(II)This paper contains 20 Multiple Choice Type Questions of 1 mark each.
(III)This paper contains 4 Short Answer Type Questions of 3 marks each to be answered in 60 to 80 words.
(IV)This paper contains 6 Short Answer Type Questions of 4 marks each to be answered in 80 to 100 words.
(V)This paper contains 4 Long Answer Type Questions of 6 marks each to be answered in 100 to 150 words.

	Q.NO.	PART A – INTRODUCTORY MACROECONOMICS	Marks
	1	मान लीजिए किसी दी गई अर्थव्यवस्था के लिए, बार आरेख 2021 से 2022 तक निवेश में परिवर्तन दर्शाता है। निवेश गुणक का मान 4 है। आय में परिवर्तन का मूल्य_____ होगा। (रिक्त स्थान भरें) Suppose for a given economy, the bar diagram shows the change in Investments from 2021 to 2022. The value of investment multiplier is 4.	1


		 The value of change in income would be_____. a) ₹480 crores b) ₹500 crores c) ₹240 crores d) ₹600 crores	
	2	निम्नलिखित में से कौन सा कर्मचारियों के मुआवजे में शामिल नहीं है? a) नकद में मजदूरी और वेतन b) वस्तु में मजदूरी और वेतन c) सामाजिक सुरक्षा योजना में कर्मचारियों का योगदान d) सामाजिक सुरक्षा योजना में नियोक्ता का योगदान Which of the following is not included in compensation of employees? a) Wages and salaries in cash b) Wages and salaries in kind c) Employees' contribution to social security scheme d) Employer's contribution to social security scheme	1
	3	निम्नलिखित चित्र में किस प्रकार का धन दर्शाया गया है? Which type of money is shown in the following image?  a) Fiat money (फिएट मुद्रा) b) Fiduciary money (प्रत्ययी मुद्रा) c) Full- bodied money (पूर्ण मुद्रा) d) Credit money (ऋण मुद्रा)	1
	4	निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए:	1

		कथन **I:** व्यापार अधिशेष से तात्पर्य एक वर्ष के दौरान दृश्य वस्तुओं (माल)के निर्यात की प्राप्तियों के मूल्य की तुलना में दृश्य वस्तुओं के आयात के मूल्य के भुगतान की अधिकता से है। कथन **II**: चालू खाता घाटा यह दर्शाता है कि देश शेष विश्व से कर्जदार है। विकल्प**:** a) दोनों कथन सत्य हैं। b) दोनों कथन असत्य हैं। c) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है। d) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है। Read the following statements carefully and choose the correct alternatives from the following: **Statement I:** Trade surplus refers to the excess of the payments for value of imports of visible items over the value of receipts of export of visible items (goods) during a year. **Statement II:** Current account deficit signifies that the nation is a borrower from the rest of the world. **Alternatives:** a) Both the statements are true. b) Both the statements are false. c) Statement I is true and Statement II is false. d) Statement II is true and Statement I is false.	
	5	नीचे दिए गए चित्र के आधार पर B और D द्वारा दर्शाए गए प्रवाह के प्रकार को पहचान करें: On the basis of the figure given below identify the type of flow indicated by B and D:  **Alternatives**: a) Real flow (वास्तविक प्रवाह) b) Money flow (मुद्रा प्रवाह) c) Nominal flow (नाममात्र प्रवाह) d) National flow (राष्ट्रीय प्रवाह)	1
	6	ग्राफ को ध्यानपूवेक देखे और बिंदु A पर MPC को सही गणना पहचाने। Observe the graph carefully and identify correct calculation for MPC at point A.	1

		 a) NN'/ON b) AM'/AN' c) NN'/MM' d) MM'/ON	
	7	निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए: कथन **I:**जापान में काम करने वाले भारतीय नागरिक का वेतन भारत के सकल घरेलू उत्पाद में शामिल किया जाएगा। कथन **II:** भारत में कोरियाई स्वामित्व वाली हुंडई कार फैक्ट्री द्वारा अर्जित लाभ भारत के सकल घरेलू उत्पाद में शामिल किया जाएगा। <u>विकल्प:</u> a) दोनों कथन सत्य हैं। b) दोनों कथन असत्य हैं। c) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है। d) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है। Read the following statements carefully and choose the correct alternatives from the following: **Statement I:** The salary of a citizen of India working in Japan will be included in the GDP of India. **Statement II:** The profits earned by the Korean-owned Hyundai car factory in India will be included in the GDP of India. **<u>Alternatives:</u>** a) Both the statements are true. b) Both the statements are false. c) Statement 1 is true and Statement 2 is false. d) Statement 2 is true and Statement 1 is false.	1
	8	दिए गए आरेखों से पहचानें कि निम्नलिखित में से कौन सा धन गुणक और कानूनी आरक्षित अनुपात के बीच संबंध का सबसे अच्छा वर्णन करता है। From the given diagrams, identify which one of the following best describes the relationship between money multiplier and legal reserve ratio.  a) (I) c) (III)	1

		b) (II) d) (IV)	
	9	निम्नलिखित कथनों को ध्यान से पढ़ें और नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनें: कथन: दालों के आयात से भारत की भुगतान संतुलन स्थिति पर अनुकूल प्रभाव पड़ेगा| कारण:दालों के आयात से देश से विदेशी मुद्रा का बहिर्गमन होगा, जिससे भुगतान संतुलन की स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। विकल्प: a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है। b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है। c) अभिकथन (A) सत्य है लेकिन कारण (R) असत्य है। d) अभिकथन (A) असत्य है लेकिन कारण (R) सत्य है। **Assertion (A):** Import of pulses will have a favourable effect on Balance of Payments position of India. **Reason (R):** Import of pulses will lead to an outflow of foreign exchange from the country, causing adverse effect on balance of payments position. **Alternatives:** a) Both Assertion(A) and Reason(R) are true and (R) is the correct explanation of (A) b) Both Assertion(A) and Reason(R) are true and (R) is not the correct explanation of (A) c) Assertion(A) is true but Reason(R) is false d) Assertion(A) is false but Reason(R) is true	1
	10	वाणिज्यिक बैंकों द्वारा सृजित कुल जमा राशि ₹20,000 करोड़ है और LRR 20% है। प्रारंभिक जमा राशि की गणना कीजिए । Total deposits created by commercial banks are₹20,000 crore and LRR is 20%. Calculate the amounts of initial deposits. a) ₹6,000 crores b) ₹4,000 crores c) ₹5,000 crores d) ₹3,000 crores	1
	11	दिए हुए आकड़ो के आधार पे **(a)** ऑपरेटिंग सरप्लस **(b)** राष्ट्रीय आय को गणना करें । Calculate **(a)** Operating Surplus and **(b)** National Income **Serial** | **Particulars** | **Amount (in crore)** i | Compensation of employees | 200 ii | Rent and Interests | 800 iii | Indirect taxes | 120 iv | Corporation tax | 460	3

		v	Consumption of fixed capital	100	
		vi	Subsidies	20	
		vii	Dividend	940	
		viii	Undistributed profits	300	
		ix	Net factor income to abroad	150	
		x	Mixed income	200	
	12	“भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर द्वारा 4 मई, 2024 को की गई घोषणा के अनुसार, नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) को 50 आधार अंकों की वृद्धि करके 4% से 4.5% करने का निर्णय लिया गया है।” आर.बी. आई के इस कदम का अर्थव्यवस्था में कुल ऋण सृजन पर प्रभाव का विश्लेषण कीजिए। “As per announcement made by Governor of Reserve Bank of India on May 4, 2024, it has been decided to increase the Cash Reserve Ratio by 50 basis points from 4% to 4.5%.” Analyse the impact of this step of RBI on total credit creation in the economy. **OR** मार्जिन आवश्यकता का क्या अर्थ है? केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था में अपस्फीतिकारी स्थितियों को नियंत्रित करने के लिए इस उपाय का उपयोग कैसे करता है? What is meant by margin requirement? How does the central bank use this measure to control deflationary conditions in economy?	3
	13	"सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) किसी देश के आर्थिक कल्याण का सबसे अच्छा संकेतक नहीं है"। दिए गए कथन का वैध कारणों से बचाव या खंडन करें। “Gross Domestic Product (GDP) is not the best indicator of the economic welfare of a country”. Defend or refute the given statement with valid reasons. **OR** भारत की राष्ट्रीय आय का आकलन करते समय निम्नलिखित को कैसे ध्यान में रखा जाएगा? कारण दे। (i) किसी व्यक्ति द्वारा कार खरीदने के लिए लिए गए ऋण पर दिया गया ब्याज। (ii) डिबेंचर पर प्राप्त ब्याज। (iii) एक फर्म द्वारा खपत की गई बिजली। (iv) मकान किराए पर देने से मकान मालिक को प्राप्त किराया How will the following be treated while estimating national income of India? Give reasons. (i) Interest paid by an individual on a loan taken to buy a car. Interest paid by an individual on a loan taken to buy a car. (ii) Interest received on debentures. Interest received on debentures. (iii) Electricity consumed by a firm	4

		(iv) Rent received by a landlord from renting out a house	
	14	"व्यापार घाटे वाले देश के भुगतान संतुलन में चालू खाता आधिशेष नहीं हो सकता है"। क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं? कारण सहित चर्चा करें। "A country with trade deficit cannot have current account surplus in its Balance of Payments". Do you agree with given statement? Discuss with reasons.	4
	15	निम्नलिखित की गणना करें: A. एमपीसी का मूल्य एमपीएस के मूल्य से दोगुना है। गुणक का मान ज्ञात कीजिए। B. एक अर्थव्यवस्था में निवेश ₹ 140 करोड़ बढ़ जाता है।निवेश गुणक का मान 4 है। बचत की सीमांत प्रवृत्ति (एमपीएस) की गणना करें। **Calculate the following :** A. The value of MPC is double the value of MPS. Find the value of multiplier. B. In an economy, investment rises by ₹ 140 crore. The value of investment multiplier is 4. Calculate Marginal Propensity to Save (MPS).	4
	16	**Study the diagram below and answer the following.**  क) चित्र में दर्शाई गई आर्थिक स्थिति की पहचान कीजिए तथा इस स्थिति के किन्हीं दो परिणामों की व्याख्या कीजिए। ख) इस स्थिति को सुधारने के लिए एक मौद्रिक तथा एक राजकोषीय उपाय सुझाइए। a) Identify the economic situation represented in the diagram and explain any two consequences of this situation. b) Suggest one monetary and one fiscal measure to correct this situation. **OR** यदि किसी अर्थव्यवस्था में, नियोजित निवेश ₹ 100 करोड़ है और उपभोग C= 50 + 0.5 Y है, तो निम्नलिखित की गणना कीजिए: i. आय का संतुलन स्तर।	6

		ii. राष्ट्रीय आय के संतुलन स्तर पर बचत और उपभोग व्यय का मूल्य। iii. निवेश गुणक का मूल्य If in an economy, planned investments are ₹ 100 crore and the consumption is C= 50 + 0.5 Y, calculate the following: i. The equilibrium level of income. ii. The value of savings and consumption expenditure at the equilibrium level of national income. iii. The value of investment multiplier.	
	17	निम्नलिखित पाठ को ध्यानपूर्वक पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें : केंद्रीय बजट 2023-24 में, भारत सरकार ने उच्च पूँजीगत व्यय के माध्यम से आर्थिक विकास को गति देने पर ज़ोर दिया। सड़क, रेलवे और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे प्रमुख बुनियादी ढाँचा क्षेत्रों में पर्याप्त निवेश किया गया। इन क्षेत्रों को अधिक रोज़गार के अवसर पैदा करने, कनेक्टिविटी में सुधार और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए प्राथमिकता दी गई। पूँजीगत परियोजनाओं पर बढ़े हुए खर्च का उद्देश्य निजी निवेश को आकर्षित करना और अर्थव्यवस्था की दीर्घकालिक उत्पादक क्षमता को बढ़ाना भी है। साथ ही, सरकार ने राजस्व व्यय को नियंत्रित करने के लिए खाद्य और उर्वरकों पर सब्सिडी को युक्तिसंगत बनाकर राजकोषीय प्रबंधन के प्रति एक विवेकपूर्ण दृष्टिकोण अपनाया। यह बदलाव आवर्ती सब्सिडी के बजाय दीर्घकालिक लाभ देने वाली परिसंपत्तियों पर सार्वजनिक व्यय को केंद्रित करने के प्रयास का संकेत देता है। 2023-24 के लिए राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 5.9% अनुमानित किया गया था, जो विकासोन्मुखी व्यय और राजकोषीय उत्तरदायित्व के बीच संतुलन को दर्शाता है। सरकार ने वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने, निवेशकों का विश्वास बनाए रखने और उधार पर निर्भरता कम करने के लिए आने वाले वर्षों में राजकोषीय घाटे को धीरे-धीरे कम करने का एक रोडमैप भी तैयार किया, जिससे एक अधिक लचीली और आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। a) राजकोषीय घाटे को परिभाषित कीजिए। (2 अंक) b) गद्यांश से राजस्व व्यय की एक मद और पूंजीगत व्यय की एक मद की पहचान कीजिए। (2 अंक) c) पूंजीगत व्यय में वृद्धि आर्थिक विकास को कैसे बढ़ावा दे सकती है? (2 अंक) **Read the following text carefully and answer the questions :** In the Union Budget 2023–24, the Government of India placed a strong emphasis on accelerating economic growth through higher capital expenditure. Substantial investments were directed toward key infrastructure sectors such as roads, railways, and renewable energy. These areas were prioritized to create more employment opportunities, improve connectivity, and promote sustainable development. Increased spending on capital projects also aims to attract private investment and enhance the long-term productive capacity of the economy.	6

		At the same time, the government adopted a prudent approach to fiscal management by rationalizing subsidies on food and fertilizers to control revenue expenditure. This shift indicates an effort to focus public spending on assets that yield long-term benefits rather than on recurring subsidies. The fiscal deficit for 2023–24 was estimated at 5.9% of GDP, reflecting the balance between growth-oriented spending and fiscal responsibility. The government also outlined a roadmap for gradually reducing the fiscal deficit in the coming years to ensure financial stability, maintain investor confidence, and reduce dependence on borrowings, thereby promoting a more resilient and self-reliant economy. **On the basis of the above text, answer the following questions:** a) Define fiscal deficit. (2 marks) b) From the passage, identify one item of revenue expenditure and one item of capital expenditure. (2 marks) c) How can an increase in capital expenditure promote economic growth? (2 marks)	
	Q. No.	**PART B – INDIAN ECONOMIC DEVELOPMENT**	**Marks**
	18	स्तभ का मिलान करे और सही जोड़ी को पहचान करे: Match the column and identify the correct pair: A. Maharatnas महारत्न — (i) BHEL B. Navratnas नवरत्न — (ii) IRCTC C. Miniratnas मिनी रत्न — (iii) HAL (choose the correct alternative) a)-A-i b)-B- ii c)- C-iii d)none of these	1
	19	भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण पर्यावरणीय चिंताओं में से एक, जैसा कि चित्र में दर्शाया गया है, निम्नलिखित है: One of the most challenging environmental concerns of India, as depicted in the image leads to: i. Land degradation भूमि क्षरण ii. Bio-diversity loss जैव विविधता हानि iii. Air pollution वायु प्रदूषण	1

		 (choose the correct alternative) a) i, ii, and iii b) ii and iii c) i only d) i and ii	
	20	"कृषि क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भरता को कम करने के लिए, विविधीकरण का विकल्प चुनना आवश्यक है"। दिए गए कथन के संदर्भ में, विविधीकरण में _____ शामिल है। i. फसल पैटर्न में बदलाव ii. कार्यबल का कृषि से जुड़ी गतिविधियों की ओर स्थानांतरण iii. कार्यबल का गैर-कृषि क्षेत्र की ओर स्थानांतरण "In order to reduce over-dependence on agriculture sector, it is necessary to opt for diversification". With reference to the given statement, diversification includes_____. i. Change in cropping pattern ii. Shift of workforce to agriculture allied activities iii. Shift of workforce to non-agriculture sector **(choose the correct alternative)** a) i and ii b) i, ii and iii c) i and iii d) Only i	1
	21	_____ एक महत्वपूर्ण सूक्ष्म वित्त प्रणाली के रूप में उभरे हैं और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया है। (सही विकल्प चुनें) a) नाबार्ड b) स्वयं सहायता समूह c) वाणिज्यिक बैंक d) भूमि विकास बैंक _____ have emerged as an important micro finance system and led to women empowerment. (choose the correct alternative) a) NABARD	1

		b) Self-Help Group c) Commercial banks d) Land Development Banks	
	22	भारत निम्नलिखित में से किस क्षेत्रीय/वैश्विक आर्थिक समूह का सदस्य नहीं है? (सही विकल्प चुनें) क) यूरोपीय संघ ख़) ब्रिक्स ग) जी-20 घ) सार्क India is not a member of which of the following regional/global economic group? (choose the correct alternative) a) European Union b) BRICS b) G20 c) SAARC	1
	23	बेरोजगार विकास से बेरोजगारी बढ़ती है क्योंकि_____। क) श्रमिक प्रवास करने से इनकार करते हैं ख) श्रम बहुत महँगा है ग) विकास दर कम है घ) विकास तकनीकी विकास के कारण है Jobless growth leads to unemployment because_____. a) Labour refuses to migrate b) Labour is very expensive c) Growth rate is low d) Growth is due to technological development	1
	24	निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूवेक पढ़िए और निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए: कथन **I**:स्वयं सहायता समूहों के उद्भव से औपचारिक ऋण प्रणाली की खामियों में कमी सुनिश्चित हुई। कथन **II:** स्वयं सहायता समूहों से उधार मुख्यतः उनके सदस्यों द्वारा उपभोग के उद्देश्य तक ही सीमित है। a) दोनों कथन सत्य हैं। b) दोनों कथन असत्य हैं। c) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है। d) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है। Read the following statements carefully and choose the correct alternatives from the following: **Statement I:**The emergence of Self-Help Groups ensured the reduction in the fault of the formal credit system. **Statement II:** The borrowings from Self-Help Groups are mainly confined to consumption purposes by its members. **Alternatives:**विकल्प a) Both the statements are true. b) Both the statements are false. c) Statement 1 is true and Statement 2 is false. d) Statement 2 is true and Statement 1 is false.	1

	25	_____ कृषि उपज का वह हिस्सा है जिसे किसान अपनी स्वयं की उपभोग आवश्यकताओं को पूरा करने के बाद बाजार में बेचते हैं।(सही विकल्प चुनें) a) व्यापार अधिशेष b) विपणन योग्य अधिशेष c) उत्पादक अधिशेष d) उपभोक्ता अधिशेष _____ is the portion of agricultural produce which is sold in the market by the farmers, after meeting their self-consumption requirements. (choose the correct alternative a) Trade surplus b) Marketable surplus c) Producer surplus d) Consumer surplus	1
	26	"भारत में गूगल ने 4000 स्नातक छात्रों को काम पर रखा है।" दिया गया कथन _____ क्षेत्र के रोजगार से संबंधित है। (सही विकल्प चुनें) "Google in India has hired 4000 graduate students." The given statement deals with _____ sector employment. (choose the correct alternative) a) Formal औपचारिक b) Informal अनौपचारिक c) Rural ग्रामीण d) Urban शहरी	1
	27	चीन के संदर्भ में दी गई घटनाओं को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प चुनिए। i. महान सर्वहारा सांस्कृतिक क्रांति ii. महान अग्रिम छलांग अभियान iii. आर्थिक सुधारों की शुरुआत iv. प्रथम पंचवर्षीय योजना Arrange the given events in chronological order in context of China and choose the correct alternative. i. Great Proletarian Cultural Revolution ii. Great Leap Forward Campaign iii. Introduction of economic reforms iv. First Five-Year Plan Alternatives: a) ii, iv, iii, i b) iv, ii, i, iii	1

		c) ii, iv, I, iii d) iv, i, ii, iii	
	28	भारत और चीन के सकल घरेलू उत्पाद की वार्षिक वृद्धि से संबंधित निम्नलिखित जानकारी की तुलना और विश्लेषण करें। Compare and analyse the following information related to Annual Growth of GDP of India and China. **Annual Growth of GDP** **COUNTRY** | **1980-81** | **2015-17** India | 5.7 | 7.3 China | 10.3 | 6.8 दिए गए आँकड़ों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए। क) 1980-81 और 2015-17 के दौरान भारत और चीन के बीच सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि में दो प्रमुख अंतरों की पहचान कीजिए और बताइए। ख) 1980-81 में चीन की विकास दर भारत से अधिक क्यों थी, इसका एक संभावित कारण बताइए। Answer the following question on the basis of the given data. a) Identify and state two key differences in GDP growth between India and China during 1980-81 and 2015-17 b) Suggest one possible reason why China's growth rate was higher than India in 1980-81.	3
	29	भारत का प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन कई विकसित देशों की तुलना में कम है, फिर भी देश को जलवायु परिवर्तन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील माना जाता है। इस संवेदनशीलता का एक आर्थिक और एक पर्यावरणीय कारण बताइए। India's per capita carbon emissions are lower than that of many developed countries, yet the country is still considered highly vulnerable to climate change. Give one economic and one environmental reason for this vulnerability. **OR** "ग्रामीण ऋण के संस्थागत स्रोतों के विस्तार के बावजूद, गैर-संस्थागत ऋणदाता ग्रामीण ऋण बाजारों में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं।" उपर्युक्त कथन के संदर्भ में, संस्थागत ग्रामीण ऋण की सीमाओं की आलोचनात्मक जाँच कीजिए और बताइए कि यह ग्रामीण विकास को कैसे प्रभावित करता है। "Despite the expansion of institutional sources of rural credit, non-institutional lenders continue to play a dominant role in rural credit markets." In the context of the above statement, critically examines the limitations of institutional rural credit and explain how this affects rural development.	3
	30	"जनसंख्या के एक बड़े हिस्से का प्राथमिक व्यवसाय होने के बावजूद, भारत में कृषि क्षेत्र (1950-1990) खाद्य सुरक्षा या उच्च उत्पादकता सुनिश्चित करने में विफल रहा।"	4

		इस कथन के आलोक में, इस अवधि के दौरान भारतीय कृषि की स्थिति का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए। "Despite being the primary occupation for a large share of population, the agriculture sector in India (1950-1990) failed to ensure food security or high productivity." In the light of this statement, critically examine the condition of Indian agriculture during this period. **OR** "भूमि सुधार जैसे संस्थागत सुधारों ने भारतीय कृषि को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।" दिए गए कथन का वैध कारण सहित बचाव या खंडन कीजिए। "Institutional reforms such as land reforms have played a significant role in transforming Indian agriculture." Defend or refute the given statement with valid reason.	
	31	"चीन में ग्रेट लीप फारवर्ड (GLF) अभियान का उद्देश्य औद्योगीकरण और सामूहिकीकरण के माध्यम से चीन को कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था से समाजवादी समाज में तेजी से बदलना था।" क्या आप सहमत हैं, उचित कारण बताएँ। "Great Leap Forward (GLF) campaign in China aimed to rapidly transform China from n agrarian economy to a socialist society through industrialisation and collectivisation." Do you agree, give valid reason.	4
	32	दी गई छवि के आधार पर मानव पूंजी निर्माण के स्रोत की व्याख्या कीजिए जो भारत में आर्थिक विकास में योगदान दे सकता है। On the basis of the given image, explain the source of human capital formation which may contribute to the economic growth in India. 	4
	33	'औद्योगिक उत्पादन की अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मकता और अर्थव्यवस्था में विदेशी निवेश और प्रौद्योगिकी को बढ़ाने के लिए व्यापार और निवेश व्यवस्था का उदारीकरण शुरू किया गया था।' (i) ऐसे किन्हीं तीन उदारीकरण उपायों का उल्लेख कीजिए। (ii) समझाइए कि किस प्रकार वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) ने वस्तुओं और सेवाओं पर करों की बहुलता को सरल बना दिया है।	3+3=6

		'Liberalisation of trade and investment regime was initiated to increase international competitiveness of industrial production and also foreign investments and technology into the economy.' (i) State any three such liberalisation measures. (3 marks) (ii) Explain how Goods and Services Tax (GST) has simplified the multiplicity of taxes on goods and services. (3 marks) **OR** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **a)** 'भारतीय अर्थव्यवस्था के खुलेपन से देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) और विदेशी मुद्रा भंडार में तीव्र वृद्धि हुई है।' — इस कथन का समर्थन या खंडन कीजिए। **b)** "आर्थिक सुधार प्रक्रिया से कृषि क्षेत्र प्रतिकूल रूप से प्रभावित होता दिखाई देता है।" — इस कथन को स्पष्ट कीजिए। **Answer the following questions :** a) 'The opening up of the Indian Economy has led to a rapid increase in Foreign Direct Investments and Foreign Exchange Reserves of the country'. Defend or refute the given statement. b) "Agriculture sector appears to be adversely affected by the economic reform process."Explain the given statement.	
	34	**निम्नलिखित पाठ को ध्यानपूर्वक पढ़ें:** किसी भी देश की आर्थिक वृद्धि में रोज़गार की अहम भूमिका होती है और भारत भी इसका अपवाद नहीं है। हालाँकि भारत सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, फिर भी अपनी बढ़ती श्रम शक्ति के लिए पर्याप्त रोज़गार के अवसर पैदा करने में उसे गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) के अनुसार, भारत का कार्यबल 2020 में लगभग 50 करोड़ से बढ़कर 2030 तक 60 करोड़ से ज़्यादा हो जाने की उम्मीद है। हालाँकि, रोज़गार वृद्धि में तेज़ी नहीं आई है, राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO) के अनुसार, बेरोज़गारी दर 2013-14 में 3.4% से बढ़कर 2017-18 में 7.2% हो गई है। हाल के वर्षों में, युवा बेरोज़गारी दर विशेष रूप से उच्च बनी हुई है, जो कई शहरी क्षेत्रों में 17% से भी ज़्यादा है। इस समस्या से निपटने के लिए, सरकार ने विनिर्माण को बढ़ावा देने, कौशल विकास में सुधार लाने और व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए कार्यक्रम शुरू किए हैं। इन प्रयासों के बावजूद, भारत के कार्यबल का एक बड़ा हिस्सा अनौपचारिक क्षेत्र में बना हुआ है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) का अनुमान है कि लगभग 90% भारतीय श्रमिक अनौपचारिक रोज़गार में लगे हुए हैं, जहाँ उन्हें अक्सर कम वेतन मिलता है और नौकरी की सुरक्षा या सामाजिक सुरक्षा का अभाव होता है। अनौपचारिक बेरोज़गारी, जहाँ लोग अनियमित रूप से या	6

अपर्याप्त घटों के लिए काम करते हैं, भी व्यापक रूप से फैली हुई है, खासकर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में। यह स्थिति समतामूलक विकास और आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए समावेशी, कौशल-आधारित और टिकाऊ रोज़गार नीतियों की तत्काल आवश्यकता को उजागर करती है।

दिए गए पाठ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

i. रोजगार चुनौती का समाधान करने के लिए भारत सरकार द्वारा कार्यान्वित कुछ पहल और कार्यक्रम क्या हैं? इसका नाम लिखो।

ii. भारत के कार्यबल में अनौपचारिक रोज़गार की क्या भूमिका है?

iii. पिछले कुछ वर्षों में भारत की बेरोजगारी दर कैसे बदल गई है, और इस प्रवृत्ति के निहितार्थ क्या हैं?

Read the following text carefully:

Employment plays a vital role in a nation's economic growth, and India is no exception. Although India is among the fastest-growing major economies, it continues to face serious challenges in creating sufficient job opportunities for its expanding labour force. As per the International Labour Organization (ILO), India's workforce is expected to rise from about 500 million in 2020 to more than 600 million by 2030. However, employment growth has not kept pace, with the unemployment rate increasing from 3.4% in 2013–14 to 7.2% in 2017–18, according to the National Sample Survey Office (NSSO). In recent years, youth unemployment has remained particularly high, exceeding 17% in several urban areas.

To tackle this issue, the government has introduced programs to boost manufacturing, improve skill development, and provide vocational training. Despite these efforts, a large share of India's workforce remains in the informal sector. The ILO estimates that nearly 90% of Indian workers are engaged in informal employment, often earning low wages and lacking job security or social protection. Informal unemployment, where people work irregularly or for insufficient hours, is also widespread, especially in rural and semi-urban regions. This situation highlights the urgent need for inclusive, skill-based, and sustainable employment policies to ensure equitable growth and economic stability.

On the basis of the given text, answer the following questions:

i. What are some of the initiatives and programmes implemented by the Indian government to address the employment challenge? Write name of it.

ii. What role does informal employment play in India's workforce?

iii. How has India's unemployment rate changed over the past few years, and what are the implications of this trend?